# वेकअप इंडिया एजुकेशन ट्रस्ट के संस्थापक मोहम्मद इब्राहिम सेख की तरफ से बांटी गई निशुल्क साइकिले



हिंदुस्तान का इतिहास प्रतापगढ़ विकासखंड बाबागंज कुंडा प्रतापगढ़ के ग्राम माघी के रहने वाले मोहम्मद इब्राहिम शेख वेकअप इंडिया एजुकेशन ट्रस्ट के संस्थापक हैं। इस ट्रस्ट के माध्यम से दिनांक 3 नवंबर 2022 बेसहारा गरीब छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरित किया गया इस दौरान इब्राहिम शेख ने बताया कि वेकअप इंडिया एजुकेशन ट्रस्ट का गठन 2010 नवी मुंबई महाराष्ट्र में किया गया था तब से इस ट्रस्ट के माध्यम से गरीब बेसहारा अनाथ बच्चियों व उनके परिवारों मदद की जाती है।इस इस ट्रस्ट का मेन उद्देश्य ही है गरीब बेसहारा परिवारों की मदद करना। प्रतापगढ़ के माघी ग्राम में इब्राहिम के इस कार्य को देखकर जनपद वासी गदगद है इस कार्यक्रम के दौरान लगभग 70 छात्राओं को निशुल्क साइकिलें वितरित की गई गरीब और बेसहारा परिवार की छात्राएं साइकिले पाकर उनके चेहरे खिल उठे मौके पर उपस्थित इब्राहिम शेख, जुबेदा बानो, समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।